कार्यालय जनपद न्यायाधीश, अलीगढ़।

(प्रशासनिक अनुभाग)

विज्ञप्ति

न्यायिक अधिष्ठान अलीगढ़ में कर्मचारियों की कमी व हाल ही में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के पुनर्नियुक्ति विषयक आवेदनपत्रों के मद्देनजर मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्याः- 14/एडमिन 'डी' सैक्शन दिनांकितः- 15.10.2022 के अनुक्रम में न्यायिक अधिष्ठान से सेवानिवृत्त लिपिकों/आशुलिपिकों /चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में से ऐसे लिपिकों/आशुलिपिकों /चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो, की अधोलिखित तालिकानुसार न्यायिक अधिष्ठान अलीगढ़ में लिपिक/आशुलिपिक /चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संवर्ग के संभावित 115 रिक्त पदों के सापेक्ष पुनर्नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी जो एक वर्ष तक की अवधि के लिए (यदि प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से न भरी जाये या 65 वर्ष की आयु पूर्ण न हो जाये या इनमें से जो पहले हो तक) की जायेगी। भर्ती साक्षात्कार एवं सम्बन्धित कर्मचारी के पूर्व सेवा अभिलेख एवं वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के आधार पर मा० उच्च न्यायालय के अनुमोदनोंपरान्त की जायेगी।

उक्त पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अन्तिम वेतन से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा।

आवेदक अपना आवेदन दिनांकः- 20.03.2023 की सायं 04 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

S. No.	Post Name	Tentative Vacancy
01	Stenographer Grade-III	33
02	Senior Assistant	68
03	Class IV (Orderly/Peon/Office Peon/Farrash)	14
	Total	115

विज्ञप्ति समस्त अवकाशप्राप्त लिपिक/आशुलिपिक /चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के मध्य परिचालित कराई जाये। सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु नोटिश बोर्ड पर चस्पा हो। कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय,अलीगढ़ व मा० उच्च न्यायालय की अधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड कराये।

एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, अलीगढ़ को व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रतिष्ठित स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित हो।

9/3/23

दिनांकः- 09.03.2023

जनपद न्यायाधीश
जनपद न्यायालय अलीगढ़।